nt>

Title: Situation arising out of the spread of a mysterious disease in Hoshiarpur and Nawanshahar districts of Punjab due to poisonous chemicals in soil.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं अपने क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण मामले की तरफ सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। हमारे क्षेत्र की जमीन में सैलेनियम की अधिकता के कारण अगर जानवर उस जमीन से गुजरता है या वहां का पशु उस जमीन से कुछ खा लेता है तो उसका मुंह खुर जाता है। अगर आदमी उस जमीन से उगे हुए फल, सब्जी या गेहूं खा लेता है तो उसके बाल झड़ जाते हैं। वैज्ञानिक बताते हैं कि सैलेनियम की अधिक मात्रा होने के कारण ऐसा होता है। यदि उस जमीन में जिप्सम डाल दिया जाए या वहां पानी की साइकिल चेंज हो जाए तो यह समस्या हल हो सकती है। मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूं कि इस समस्या पर ध्यान देकर तुरंत इसे हल किया जाए।